JALAUN POLICE

दिनांक- 23.02.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना रामपुरा साइबर टीम द्वारा आवेदक से यूपीआई के माध्यम से भूलवश किसी अन्य व्यक्ति के खाते में गये 50,000/- रुपये की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराकर पीड़ित के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।

आवेदक जंगबहादुर पुत्र हरगोविन्द सिंह नि0 ग्राम मई थाना रामपुरा जनपद जालौन द्वारा दिनांक 22.02.2026 को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी कि आवेदक से यूपीआई के माध्यम से भूलवश 50,000/- रुपये की धनराशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चली गयी है।

साइबर टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रामपुरा साइबर टीम द्वारा बैंक स्टेटमेन्ट इत्यादि का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदक उपरोक्त की सम्पूर्ण धनराशि 50,000/- रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः आवेदक की फ्रॉड हुई धनराशि आवेदिका के खाते में वापस होने पर आवेदक द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व थाना रामपुरा साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामदगी का विवरण:-

क्र.सं.	नाम, पता वादी	फ्रॉड हुई धनराशि	वापसी धनराशि
1.	जंगबहादुर पुत्र हरगोविन्द सिंह नि0 ग्राम मई थाना रामपुरा जनपद जालौन	50,000/- रू0	50,000/- रू0

कुल बरामद धनराशि- 50,000 /- रूपये (पचार हजार रूपये)

बरामद करने वाली टीम –

1. साइबर टीम थाना रामपुरा

-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-

टोलफ्री नम्बर 1930/112 मो0 नम्बर:- 7839860021